>

Title: Need to take steps to address various problems being faced by the pilgrims visiting Char Dham in Uttarakhand.

श्री विजय बहुगुणा (टिहरी गढ़वाल): महोदय, उत्तराखंड में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमनोत्री चार धाम हैं, जहां लाखों तीर्थ यात्री हर वर्ष बड़ी संख्या में आते हैं। छह महीने के लिए मंदिर खुलते हैं। बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन और नेशनल हाईवे सारी सड़कों की देखभाल करता है, लेकिन इन सड़कों की इतनी बुरी हालत है कि यात्री कई दिनों तक यहां फंस जाते हैं। यात्री केवल फंसते ही नहीं हैं, बल्कि उनके लिए पानी और भोजन तक की व्यवस्था करने की सुविधा नहीं है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन और नेशनल हाईवे आथोरिटी को जितना भी अतिरिक्त धन चाहिए, इन्हें तुंत दिया जाए। राज्य सरकार के सैक्टर की रोड है, उनका बुरा हाल है। यात्रियों के लिए पेयजल, स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए मोबाइल व्यवस्था करनी चाहिए। इस समय भी कई यात्री फंसे हुए हैं। हर वर्ष ऐसा होता है और सारे देश के लोग परेशान होते हैं। केंद्र सरकार, टूरिज्म डिपार्टमेंट, बार्डर रोड आर्गेनाइजेशन और नेशनल हाईवे आथोरिटी को उत्तराखंड पर विशेष ध्यान देना चाहिए, जहां लाखों लोग जाते हैं।